Regarding construction of Chhitauni-Tamkuhi railway line in Kushi Nagar Parliamentary Constituency - laid

श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर): मै माननीय रेल मंत्री जी से यह जानना चाहता हूँ कि जिन भी नई रेल परियोजनाओं में विगत वर्षों में सरकार द्वारा करोड़ों-करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं, परन्तु अभी तक वो परियोजनाएं, किसी न किसी वजह से अधर में लटकी हुई हैं। इन लंबित रेल परियोजनाओं के कारण, जहां एक तरफ, सरकार को दोहरे राजस्व की क्षति उठानी पड़ रही है, वहीं दूसरी तरफ, ग्रामीण अंचल के लोगों के मन में, जो आशा की किरण जगी थी, वह उम्मीद अब टूटने के कगार पर है। ऐसी ही एक रेल परियोजना का ज्वलंत उदाहरण, हमारे लोक सभा क्षेत्र कुशीनगर में 64 किलोमीटर लंबी छितौनी-तमकुही रेल परियोजना है। जिसमें विगत 7 वर्ष पहले, 4 किलोमीटर तक रेल लाइन बिछाने के बाद, कुछ भूमि अधिग्रहण न हो पाने के कारण यह परियोजना अभी तक लंबित पड़ी है। जिसमें सरकार द्वारा भारी धनराशि लगाने के बाद, इस परियोजना को अधर में रोक देने से, भारी राजस्व की क्षति होने के साथ ही क्षेत्रीय जनता में भारी निराशा का माहौल है।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से इस लंबित रेल परियोजना के सभी तकनीकी पहलुओं व अड़चनों को यथाशीघ्र दूर करते हुए, इसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किये जाने की मांग करता हूँ। जिससे सरकार क्षेत्रीय जनता की टूटती उम्मीदों पर खरी उतर सके। धन्यवाद।